अमर उजाला
बरेली
शनिवार, 1 अप्रैल 2023
चैत्र शुक्ल-एकादशी
विक्रम संवत-2080

Page No. 09 : Middle

एसआरएमएस की टीम ने जीता मुकाबला

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन खेले गए दो मैच, आर्मी मस्टेलियंस की टीम भी जीती

संवाद न्यूज एजेंसी

एसआरएमएम स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलते खिलाड़ी। *विज्ञप्ति*

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन आर्मी मस्टेलियंस और एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने अपने मुकाबले में जीत हासिल की। एसआरएमएस स्टेडियम पर खेली जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को दो मुकाबले खेले गए।

पहला मुकाबला टाउन क्रिकेट क्लब और एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। पहले खेलते हुए टाउन क्रिकेट क्लब की टीम 18.4 ओवर में 93 पर ढेर हो गई। प्लेयर ऑफ द मैच शुभम मिश्रा और हर्ष राणा ने 3-3 विकेट लिए। कम स्कोर भेदने उतरी एसआरएमएस की टीम ने छह विकेट के नुकसान पर 16.1 ओवर में 94 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। आनंद यादव ने 14 गेंदों में 27 रन बनाए।

दूसरा मुकाबला आर्मी मस्टेलियंस और अल्मा मातेर क्रिकेट एकेडमी के मध्य हुआ। सोनू अधिकारी (52) की शानदार पारी की बदौलत आर्मी मस्टेलियंस की टीम ने सात विकेट खो कर 195 का लक्ष्य रखा। अल्मा मातेर क्रिकेट एकेडमी की टीम जवाब में केवल 50 रन पर ही सिमट गई। प्लेयर ऑफ द मैच शिवांश शर्मा ने चार ओवर में तीन और विवेक पुरी ने 1.5 ओवर में दो विकेट लिए। आर्मी मस्टेलियंस की टीम ने मुकाबला 144 रन से जीत लिया। इस दौरान बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति, अध्यक्ष सरफराज वली खां, सचिव सीताराम सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

हिन्दुस्तान
1936
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शनिवार
1 अप्रैल 2023, बरेली

Page No. 07 : To[p

एसआरएमएस की चार विकेट से जीत

बरेली। श्रीराममूर्ति मैमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन शुक्रवार को एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और ओएसिस टाउन क्रिकेट एकेडमी तथा आर्मी मस्टेलियंस और अल्मा मातेर क्रिकेट एकेडमी के बीच मैच हुए। जिसमें एसआरएमएस ने ओएसिस को चार विकेट से और आर्मी मस्टेलियंस ने अल्मा मातेर को 144 रन के बड़े अंतर से हराया।